# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल, अनूपपुर (म0प्र0)

E-mail : dfotanppur@mp.gov.in; Ph. No. (07659) 222038


क्रमांक / मा0 चि0 / 2021 / 1482 अनूपपुर, दिनांक 25/10/2021

**प्रति,**

**मुख्य वन संरक्षक,**
**वनवृत्त शहडोल (म0प्र0)।**

**विषयः–** अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में 1x660 मेगावाट सुपर क्रिटिकल इकाई की स्थापना– इकाई के उपसंगीय निर्माण कार्य हेतु 6.171 हे. वन भूमि म0प्र0 पावर जनरेटिंग कम्पनी लिमिटेड को उपयोग में देने बावत्।
**(Proposal No. : FP/MP/THE/130772/2021**

**संदर्भः–** कार्यपालन अभियंता (सिविल) निर्माण संभाग–2 अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई का पत्र कमांक / 65 दिनांक 02.06.2021

––0O0––

उपरोक्त विषयांकित संदर्भ में निवेदन है कि म0प्र0 पावर जनरेटिंग कम्पनी लिमिटेड द्वारा अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में 1x660 मेगावाट सुपर किटिकल इकाई की स्थापना– इकाई के उपसंगीय निर्माण कार्य हेतु प्रकरण वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत प्रस्ताव आनलाईन कर हार्डकापी इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया था, जिसका स्थल निरीक्षण मेरे द्वारा दिनांक 03.09.2021 को किया गया। प्रकरण में विभागीय कार्यवाही पूर्ण कर अनुशंसा सहित आपकी ओर भेजा जा रहा है। बिन्दुवार प्रकरण में विवरण निम्नानुसार है :–

1– प्रकरण में पंजीयन एवं प्रोसेसिंग शुल्क का भुगतान कार्यपालन अभियंता (सिविल) निर्माण संभाग–2 अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई द्वारा जरिए बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा चचाई का बैंक ड्राफ्ट कमांक 017935 दिनांक 27.09.2021 से पंजीयन शुल्क 1000 /– एवं प्रोसेसिंग शुल्क 5000 /– कुल 6000 /– का डी.डी. प्राप्त हुआ है, जिसका समायोजन किया जा चुका है।

2– प्रस्ताव में आवेदक संस्थान द्वारा क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु 6.171 हे0 गैर वन भूमि वन विभाग के पक्ष में उपलब्ध करायी गई है, जिस हेतु वनीकरण योजना मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल के आदेश कमांक / 282 दिनांक 30.09.2021 से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त की गई है, प्रस्ताव में संलग्न है।

3– आवेदित क्षेत्र 10 कि.मी. की परिधि में राष्ट्रीय उद्यान / अभ्यारण्य वन्यप्राणी कैरीडोर / वन्य जीव वन मण्डल का भाग नहीं हैं।

4– प्रस्तावित क्षेत्र का जियो रिफरेंस एवं सर्वे ऑफ इंडिया मैप प्रस्ताव में संलग्न है।

5– उपरोक्त क्षेत्र अनूपपुर वन मण्डल के अंतर्गत परिक्षेत्र अनूपपुर के कक्ष कमांक आर.एफ. 401 आरक्षित वनखण्ड खुटवा–10 के अंतर्गत है, जिसमें IV-A मिश्रित वन है, जिसका घनत्व 0.5 का है।

6– प्रस्तावित क्षेत्र में 580 नग विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं, जिसका विवरण प्रस्ताव में संलग्न है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार, 04 प्रतियों में।

**वन मण्डलाधिकारी**
वन मण्डल अनूपपुर

पृ. क्रमांक / मा0 चि0 / 2021 / 1483 अनूपपुर, दिनांक 25/10/2021

प्रतिलिपि :–

कार्यपालन अभियंता (सिविल) निर्माण संभाग–2 अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई को सूचनार्थ अग्रेषित।

**वन मण्डलाधिकारी**
वन मण्डल अनूपपुर

O/C